कर सकता है जबकि देश यह चुनाव करने के लिए स्वतंत्र हो कि वह अपना निर्यात बढ़ाय, किन्तु निर्यातों के लिए मांग मे लोच का अभाव होने से तुलनात्मक लाभों को पूर्णरूप से प्राप्त नहीं किया जा सकता है एवं तुलनात्मक लाभ का विचार ही अव्यावहारिक हो जाता है। कीमतों मे भी परिवर्तन होता है जिससे तुलनात्मक लाभ पर प्रभाव पड़ता है।

⑨ सुरक्षात्मक या सैनिक वस्तुओं के लिए तुलनात्मक लागत महत्वहीन —

कुछ ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे है जहां तुलनात्मक लाभ का सिद्धान्त क्रियाशील नही होता। जैसे देश की सुरक्षा एवं सैनिक महत्व की वस्तुओं को देश मे ही पैदा किया जा सकता है भले ही उसके उत्पादन मे तुलनात्मक हानि हो एवं वे विदेशों से कम कीमत पर उपलब्ध हों। देश मे सुरक्षा की दृष्टि से आत्म निर्भरता लाने एवं राजनैतिक कारणों से यह एक देश के हित मे होता है कि वह सैनिक महत्व की वस्तुओं का उत्पादन स्वयं करे क्योंकि संकटकाल मे ऐसी हालत के लिए विदेशों पर रहना खतरनाक हो सकता है।